इंदौर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 230
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

होलकर कॉलेज में 'फर्जी फीस रसीद'...



पेज-2

5 अगस्त से स्टार प्लस पर 'ये फितूर तेरा'



पेज-5

रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश शुरू
- विपक्ष के सांसद आज संसद के मकर द्वार पर छात्रों के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे
- आरजेडी छोड़ने वाले मृत्युंजय तिवारी आज बीजेपी में होंगे शामिल
- ईरान : खुज़ेस्तान प्रांत के अहवाज में अमेरिका का मिसाइल अटैक, 4 की मौत
- एयरलाइन शुरू करने की खबरों को अडानी एंटरप्राइजेज ने किया खारिज
- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : दिपके
- कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर धमाके
- मैंने भूख हड़ताल खत्म कर दी है, अब जवाबदेही वक्त : सोनम वांगचुक
- अमेरिकी मिसाइल हमलों के बाद ईरान के कई शहरों में जोरदार धमाके
- दिल्ली में आज भी 17 मेट्रो स्टेशन बंद, राजीव चौक और मंडी हाउस पर जारी रहेगी

# ई-चालान से बचने के लिए 'इंदौरी जुगाड़'

## बाइक की नंबर प्लेट मोड़ रहे चालक, कैमरों की पकड़ से बचने की कोशिश

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बजाय इंदौर में कई वाहन चालक अब ई-चालान से बचने के नए तरीके अपना रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के बीच बाइक की पिछली नंबर प्लेट को जानबूझकर नीचे या पीछे की ओर मोड़ने का चलन बढ़ गया है। इसका मकसद चौराहों पर लगे हाई-रिजोल्यूशन कैमरों से वाहन का नंबर छिपाना है, ताकि नियम तोड़ने पर भी ई-चालान जारी न हो सके।





शहर के कई प्रमुख चौराहों पर ऐसे वाहन बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं, जिनकी पिछली नंबर प्लेट मुड़ी हुई है। इससे नंबर का एक या अधिक अंक कैमरे की नजर से छिप जाता है। कैमरे में वाहन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन नंबर प्लेट पूरी तरह पढ़ी नहीं जा पाती। ऐसे में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) वाहन की सही पहचान नहीं कर पाता और ई-चालान जनरेट होने में दिक्कत आती है।

जानकारी के मुताबिक यह तरीका सबसे ज्यादा रेड सिग्नल जंप करने, बिना हेलमेट वाहन चलाने और ओवरस्पीडिंग करने वाले चालक अपना रहे हैं। नंबर प्लेट को इस तरह मोड़ा जाता है कि सामान्य रूप से देखने पर ज्यादा अंतर नजर नहीं आता, लेकिन कैमरे के एंगल से नंबर पढ़ना मुश्किल हो जाता है।

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नंबर प्लेट के साथ इस तरह की छेड़छाड़ भी नियमों का उल्लंघन है। यदि जांच के दौरान वाहन की नंबर प्लेट जानबूझकर मुड़ी हुई या अस्पष्ट पाई जाती है तो संबंधित वाहन चालक के खिलाफ अलग से कार्रवाई की जा सकती है।

नंबर प्लेट को इस तरह मोड़ा जाता है कि सामान्य रूप से देखने पर ज्यादा अंतर नजर नहीं आता, लेकिन कैमरे के एंगल से नंबर पढ़ना मुश्किल हो जाता है। इंदौर में आईटीएमएस के माध्यम से प्रतिदिन करीब 3 हजार ई-चालान जारी किए जा रहे हैं।

### करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए हैं हाईटेक कैमरे

शहर में यातायात व्यवस्था को तकनीक के जरिए बेहतर बनाने के लिए प्रमुख चौराहों पर करोड़ों रुपए की लागत से हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का उद्देश्य ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहनों की स्वत: पहचान कर ई-चालान जारी करना है।

# पेपर लीक को लेकर आज मोदी कैबिनेट लाएगी नया कानून

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • देशभर में पेपर लीक को लेकर बढ़े गुस्से के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जुलाई की रात छात्रों के नाम वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने साफ कहा कि पेपर लीक कोई छोटी घटना नहीं है, बल्कि इससे लाखों छात्रों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित होता है। पीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार इस मामले में पहले से भी ज्यादा सख्त कदम उठाने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि शुक्रवार को होने वाली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक के मामलों पर एक ड्राफ्ट कानून पर चर्चा होगी। इस प्रस्ताव में फास्ट ट्रैक कोर्ट, कड़ी सजा और मामलों के तेजी से निपटारे जैसे प्रावधान शामिल किए जाएंगे। सरकार की कोशिश होगी कि मानसून सत्र के दौरान इस कानून को जल्द संसद से मंजूरी दिलाई जाए।



करीब तीन मिनट के वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की पहली चिंता यह रही कि कथित नीट पेपर लीक की वजह से किसी भी छात्र का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो। उन्होंने कहा, 'पेपर लीक ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों को गहरी तकलीफ दी है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। अब इससे निपटने के लिए और कड़े कदम उठाए जाएंगे।'

# संभावित फेरबदल के लिए आज होगी सीएम और सीएस की बैठक

## जिला पंचायत सीईओ की लंबित सूची पर होगा निर्णय



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में आज वरिष्ठ आईएएस अफसरों की जिम्मेदारी बदल सकती है। नए मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर सकते हैं। मुख्य सचिव पद संभालने के बाद सीएम के साथ उनकी यह पहली औपचारिक बैठक होगी। CM-CS की इस बैठक में प्रशासनिक रीशफल पर चर्चा होगी। साथ ही वरिष्ठ IAS अधिकारी राजेश राजौरा की नई जिम्मेदारी, जिला पंचायत सीईओ की लंबित तबादला सूची और प्रदेश की अहम विकास योजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है।

दरअसल यह बैठक गुरुवार रात होनी थी। लेकिन सीएम मोहन यादवआलीराजपुर दौरे से देर रात लौटे। इस वजह से चर्चा टल गई थी। आज सीएम चर्चा के लिए छ्स अशोक बर्णवाल को बुलाएंगे। इसी बैठक में आगे की प्रशासनिक रणनीति तय होगी।

**राजौरा को मिलेगी नई जिम्मेदारी**-1990 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश राजौरा मंत्रालय से बाहर जाएंगे। संभावना है कि राजौरा को व्यापम, कर्मचारी चयन मंडल, राजस्व मंडल और Tribal Research Institute जैसी संस्थाओं का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। दरअसल, मंत्रालय में लंबे समय से यह परंपरा रही है कि किसी जूनियर अधिकारी के मुख्य सचिव बनने पर उससे वरिष्ठ अधिकारी को सीधे उसके अधीन काम नहीं कराया जाता। ऐसे वरिष्ठ अधिकारी को आमतौर पर किसी स्वतंत्र पद पर भेज दिया जाता है।

### पहली सूची होगी छोटी

पहली तबादला सूची बहुत बड़ी नहीं होगी। इसमें सिर्फ दो से तीन विभाग शामिल हो सकते हैं। आईएएस अशोक बर्णवाल के पास स्वास्थ्य महकमे की जिम्मेदारी थी। उनके सीएस बनने के बाद अब इस विभाग की कमान सीनियर आईएएस को दी जाएगी। इसी तरह बर्णवाल के सीएस बनने के बाद उनसे सीनियर आईएएस राजेश राजौरा को मंत्रालय के बाहर जाना होगा। इसके चलते उनके विभाग जल संसाधन और नर्मदा विकास विभाग की जिम्मेदारी भी किसी सीनियर आईएएस को मिलेगी। इन दो विभागों की जिम्मेदारी के चलते 2-3 अन्य विभाग भी प्रभावित होंगे। कुल मिलाकर आज पांच से छह वरिष्ठ IAS अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# गुपचुप मुलाकात के बाद सांवेर में सीएम के समाने दिग्विजयसिंह का 'सावन दांव'

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और सीएम डॉ. मोहन यादव की चर्चा ने बीजेपी के गलियारे में सभी के कान खड़े कर दिए हैं। इस मुलाकात के दौरान दिग्गी ने तो सीएम मोहन यादव के सामने बीजेपी नेता सावन सोनकर को साफ बोल दिया कि सांवेर से चुनाव की तैयारी करो इस बार तुलसी (सिलावट) का टिकट कट रहा है।

दिग्गी ने इस दौरान सभी के सामने सावन सोनकर को कह दिया कि सांवेर विधानसभा (यह एससी सीट है) से टिकट की तैयारी करो। बीजेपी इस बार तुलसी का टिकट काट रही है।

**इस तरह हुई मुलाकात**-दरअसल सिंह इंदौर से पुणे जा रहे थे। वहीं मोहन यादव भोपाल से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे थे। दोनों की लाउंज में मुलाकात हुई। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला, सावन सोनकर सहित कई नेता मौजूद थे। दोनों के बीच करीब 15 से 20 मिनट चर्चा चली और इस दौरान बीच में पांच मिनट कान में भी बात हुई जिसे कोई सुन नहीं सके।

### महापौर ने भी दिया जवाब

महापौर भार्गव से कहा कि मैं भंवरकुआं गया वहां छात्र आंदोलन हो रहा है। वाल्मिकी समाज के निगम के कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा है। इसी को लेकर यह रीगल पर धरने पर बैठे हैं। दिग्गी ने यही मुद्दा उठाते हुए महापौर को कहा कि उनसे मिल लीजिए। इस पर महापौर ने उन्हें कहा कि यह आपके बोए हुए बीज है, हम तो नियमितीतकरण की प्रक्रिया में लगे हुए हैं। इस पर हंसी का माहौल हो गया।

### रिमझिम बारिश ने बनाया मौसम को खुशनुमा...



इंदौर। दो दिन से इंदौर के कई क्षेत्रों में हो रही रिमझिम व तेज बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया है। शुक्रवार सुबह जामगेट की हरियाली को निहारने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे।

# ट्रंप ने भारत पर लगाया 10% और टैरिफ

## पाकिस्तान-बांग्लादेश पर भी एक्शन

**वाशिंगटन (एजेंसी)** • अमेरिका ने फोर्स्ड लेबर (जबरन मजदूरी) से जुड़े उत्पादों के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए भारत से आयात होने वाले सामान पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह फैसला अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (USTR) ने सेक्शन 301 के तहत की गई जांच के बाद लिया है। नई दरें शुक्रवार यानी आज से ही लागू होंगी।

USTR के मुताबिक, यह कार्रवाई उन देशों पर की जा रही है, जिन्होंने फोर्स्ड लेबर से बने उत्पादों के आयात पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त और प्रभावी कदम नहीं उठाए हैं या इस संबंध में नए नियम लागू किए हैं। भारत को 10 फीसदी वाले निचले टैरिफ स्लैब में रखा गया है, जबकि कुछ अन्य देशों पर 12.5 फीसदी तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के



आदेश के बाद 60 व्यापारिक साझेदार देशों की समीक्षा की गई थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि भारत पर 12.5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है, लेकिन श्रम मानकों को लेकर दोनों देशों के बीच हुई सकारात्मक बातचीत के बाद भारत को 10 फीसदी वाले स्लैब में रखा गया।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि दशकों से सिर्फ अपील करने के बावजूद वैश्विक सप्लाई चेन से फोर्स्ड लेबर खत्म नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से जबरन श्रम से बने सामान के आयात पर प्रतिबंध लागू करता रहा है।

# कॉकरोच पार्टी के सामने अब एबीवीपी

## नीट के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अध्यक्ष डॉ. शांतनु तिवारी की हुंकार







इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • नीट व्यवस्था को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच अरविंदो मेडिकल यूनिवर्सिटी के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अध्यक्ष शांतनु तिवारी ने मोर्चा संभाल लिया है। तिवारी ने नीट व्यवस्था का पुरजोर समर्थन करते हुए काकरोच पार्टी के कर्ताधर्ताओं पर तीखा हमला बोला। मेडिकल छात्रों द्वारा नीट के मौजूदा मुद्दों को लेकर आयोजित जनजागरूकता रैली एवं संगोष्ठी के बाद अरविंदो मेडिकल यूनिवर्सिटी के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अध्यक्ष शांतनु तिवारी ने काकरोच जनता पार्टी पर तीखा पलटवार किया है। तिवारी ने कहा कि कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व, तथाकथित 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और वामपंथी संगठन छात्रों के आंदोलनों को अपने राजनीतिक एवं वैचारिक एजेंडे की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मेडिकल छात्र नीट की वर्तमान व्यवस्था से खुश हैं और छात्रों के नाम पर राजनीति करने वालों को पहले वास्तविक छात्र हितों को समझना चाहिए। शांतनु तिवारी ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक ताकतें अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए देश के छात्रों को बरगलाने और भ्रमित करने का काम कर रही हैं।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे किसी भी राजनीतिक बहकावे में आने के बजाय अपने वास्तविक हितों और रचनात्मक सुधारों पर केंद्रित रहें। तिवारी ने दो टूक कहा कि छात्रों के भविष्य को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाने के बजाय उनकी समस्याओं के समाधान पर गंभीरता से काम होना चाहिए।

तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रों के हितों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवाज उठाती रही है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी राजनीतिक दुष्प्रचार का हिस्सा न बनें और तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनाएं।

न्यूज ब्रीफ

## अब तक 16.60 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में अब तक सोलह लाख साठ हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। ये स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को समय पर पावर फैक्टर छूट और सौर ऊर्जा अवधि में खपत पर टीओडी छूट दिलाने में कारगर साबित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर, उज्जैन, रतलाम जिले में स्थापित किए गए हैं। कंपनी क्षेत्र के महू, थांदला, नागदा, झाबुआ, खरगोन आदि शहर पूर्णत: स्मार्ट मीटर वाले निकाय हैं।

## गुरुपूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाधिष्ट स्वामी बाबा हंसदास व तात्कालीन श्री महंतो की समाधी पर चरणपादुका पूजन, श्रीपंचमुखी चिंताहरण हनुमान जी को निशान अर्पण व आरती दोप12 बजे परमपूज्य श्री अनन्त विभूषित श्रीहँसपीठाधिस्वर श्री महंत रामचरण दास महाराज के पाद पूजन, गुरु दीक्षा कार्यक्रम गुरुपूर्णिमा 29 जुलाई को होंगे। इस अवसर पर आयोजित प्रसादी में आप सादर आमंत्रित है।

## अब सिर्फ पैसे होना काफी नहीं, पसंदीदा अनुभव में जगह पक्की होना ही नई पहचान है

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कोटक महिंद्रा बैंक के अनुसार, कॉन्सर्ट, खास डाइनिंग अनुभवों और सांस्कृतिक आयोजनों की मांग उपलब्ध सीटों और अवसरों की तुलना में कहीं तेज़ी से बढ़ रही है। ऐसे में इन आयोजनों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाना पहले से कहीं अधिक अहम हो गया है। एक समय था जब प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की पहचान एयरपोर्ट लाउंज, गोल्फ क्लब, कंसीयर्ज सर्विस और रिवॉर्ड पॉइंट्स जैसी सुविधाओं से होती थी। जब ऐसे कार्ड रखने वाले लोग कम थे, तब ये सुविधाएं ही विशेष होने का एहसास दिलाती थीं। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। कोटक महिंद्रा बैंक का मानना है कि आज लोगों के लिए असली महत्व उन अनुभवों का है, जिन्हें हर कोई आसानी से हासिल नहीं कर सकता।

## जेएलआर इंडिया ने लॉन्च किया नया अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जेएलआर इंडिया ने आज अपने अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम और बेहतर फाइनैंसिंग समाधानों को पेश करने की घोषणा की है। इन्हें देश भर में ग्राहकों के लिए रेंज रोवर, डिफेंडर और डिस्कवरी गाड़ियों की ओनरशिप को ज़्यादा सहज, अनुमान लगाने योग्य और सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जेएलआर का यह प्रोग्राम खासतौर पर भारतीय मार्केट के लिए तैयार किया है, जिसमें पहले से तय फ्यूचर वैल्यू और फाइनैंस के आकर्षक विकल्प शामिल हैं, इससे ग्राहक के लिए वाहन की खरीद का पूरा अनुभव सहज और ज़्यादा निश्चित बन जाता है।

### करणी सेना का विस्फोटक आरोप- 'शिकायतकर्ताओं को डराने के लिए रची जा रही साजिश'

# होलकर कॉलेज में 'फर्जी फीस रसीद' से लेकर इंटर्नशिप घोटाले तक बवाल!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● होलकर विज्ञान महाविद्यालय एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते सुर्खियों में है। श्री राजपूत करणी सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कॉलेज में कथित फर्जी फीस रसीद, फीस चोरी और इंटर्नशिप प्रकरण को लेकर बड़ा खुलासा करने का दावा किया। संगठन ने आरोप लगाया कि मामले से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य संबंधित अधिकारियों को सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक निष्पक्ष जांच नहीं हुई। इसके उलट शिकायतकर्ताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है।

करणी सेना का आरोप है कि इंटर्नशिप प्रकरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत लंबे समय पहले की गई थी, लेकिन जांच में लगातार देरी हो रही है। संगठन का कहना है कि इस विलंब से पूरे मामले पर संदेह गहरा रहा है और दोषियों को बचाने की आशंका पैदा हो रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी और कॉलेज प्रशासन शिकायतकर्ताओं पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। संगठन का दावा है कि आवाज उठाने वालों के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है ताकि उन्हें डराकर चुप कराया जा सके। करणी सेना ने यह भी आरोप लगाया कि कथित इंटर्नशिप घोटाले के मास्टरमाइंड को कॉलेज प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। संगठन ने मांग की कि यदि ऐसा



नहीं है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की स्वतंत्र जांच गांच कर कर रिपोर्ट रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

संगठन ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार का विरोध करने वाले विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में रेस्ट्रिक्शन नोटिस लगाए गए हैं। संगठन के अनुसार यह कदम विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

करणी सेना का कहना है कि यदि साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद कार्रवाई दोषियों पर करने के बजाय शिकायतकर्ताओं को प्रताड़ित किया जाता है, तो इससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में श्री राजपूत करणी सेना ने कहा कि संगठन का

उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई और शिकायतकर्ताओं का उत्पीड़न नहीं रुका, तो लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### करणी सेना की प्रमुख मांगें

- फर्जी फीस रसीद, फीस चोरी और इंटर्नशिप प्रकरण की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराई जाए।
- कथित इंटर्नशिप प्रकरण के मास्टरमाइंड और उसे संरक्षण देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।
- शिकायतकर्ताओं पर झूठी एफआईआर दर्ज कराने के कथित प्रयासों की निष्पक्ष जांच हो।
- विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं पर लगाए गए रेस्ट्रिक्शन नोटिस तत्काल वापस लिए जाएं।
- जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

# मयंक बगानी 4.15 करोड़ की लग्जरी घड़ी की स्मगलिंग में उलझे, जमानत रद्द कराने कस्टम पहुंचा हाईकोर्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर की 1000 करोड़ से ज्यादा के टर्नओवर वाली कंपनी शिवानी डिटर्जेंट के डायरेक्टर मयंक बगानी लग्जरी घड़ी की तस्करी में घिरे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्हें गिरफ्तार किया गया, फिर कोर्ट से जमानत हुई। वहीं, अब विभाग जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट चला गया है।

**मयंक बगानी 4.15 करोड़ की लग्जरी घड़ी**-इंदौर के धनाढ्य परिवारों में से एक बगानी परिवार के सदस्य मयंक बगानी उलझ गए हैं। वह सिंगापुर से चार करोड़ 15 लाख की कीमत की लग्जरी घड़ी लेकर आए, लेकिन इसकी जानकारी कस्टम को नहीं दी। इसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने गिरफ्तारी प्रक्रिया को चुनौती दी, जिस पर पटियाला हाउस दिल्ली कोर्ट से 29 जून को उनकी सशर्त जमानत हुई थी। वहीं, अब इस जमानत को कस्टम विभाग ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

**यह है पूरा मामला**-मयंक बगानी पिता कृष्ण चंद बगानी निवासी पता- 11 ए मनीषपुरी एक्सटेंशन, पालीवाल नगर के पास इंदौर इस मामले में आरोपी हैं। इन्हें दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने चार करोड़ 15 लाख की लग्जरी घड़ी के साथ गिरफ्तार किया था।

**सिंगापुर से लेकर आ रहे थे यह घड़ी**-कस्टम विभाग द्वारा जिला कोर्ट दिल्ली में दी गई जानकारी के अनुसार मयंक बगानी के पास से रिचर्ड मिल आरएम 35-03 राफेल नडाल मॉडल की घड़ी बरामद की गई। यह घड़ी आरोपी मयंक से दिल्ली एयरपोर्ट पर तब बरामद की गई जब वह सिंगापुर से लौट रहे थे। मयंक ने ग्रीन चैनल पार किया, लेकिन घड़ी को लेकर घोषणा नहीं की गई। कस्टम विभाग ने दिल्ली कोर्ट में आगे की पूछताछ और जांच के लिए मयंक की कस्टडी भी मांगी थी।

### कस्टम विभाग ने हाईकोर्ट में की अपील

इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में कस्टम विभाग ने अपील की है और पटियाला कोर्ट के 29 जून के आदेश को रद्द करने की मांग की है। कस्टम विभाग ने कहा है कि बगानी चार करोड़ 15 लाख की घड़ी की स्मगलिंग के आरोपी हैं और उनसे पूछताछ व जांच की जाना है। वहीं, दिल्ली पटियाला कोर्ट ने रिमांड नहीं दी और आरोपी को जमानत दे दी। जमानत में कई शर्तें लगी थीं, लेकिन इसका भी पालन नहीं हो रहा है। वहीं बगानी के अधिवक्ता ने कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे और नोटिस ले लिया है। साथ ही जवाब देने के लिए चार सप्ताह के समय की मांग की। हाईकोर्ट जस्टिस गिरीश कठपालिया ने इस मामले में जवाब देने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को लगाई है।

### लेकिन इस कारण हो गई जमानत

वहीं, इस संबंध में गिरफ्तारी प्रक्रिया में हुई चूक के चलते मयंक की जमानत मंजूर हो गई। मयंक के वकील ने कोर्ट में कहा कि गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर आरोपी को कोर्ट में पेश करना था जो कस्टम विभाग ने नहीं किया। ना ही गिरफ्तारी के लिखित कारण बताए और ना ही परिजनों को सूचना दी गई। ऐसे में गिरफ्तारी प्रक्रिया का पूरा पालन नहीं करने पर एक लाख रुपए के मुचलके पर मयंक की जमानत मंजूर हो गई।



## अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 251 पेड़ पौधे रोपने के कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 251 पेड़ पौधे रोपने के कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम मंदिर पंचकुइयां से किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास जी महाराज एवं समाजसेवी दुर्गेश अग्रवाल थे। ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग, अध्यक्ष कमलेश मित्तल, महामंत्री राजकुमार बंसल ने बताया की इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सपत्निक भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। साथ ही मन्दिर परिसर में स्थित गौ शाला में गायों को गुड़ ,सब्जी, एवं हरी घास ,से गौ सेवा की गयी। ग्रुप संयोजक राजू बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश गोयल ने बताया आयोजन में उपस्थिति सौ अधिक सदस्यों को घर एवं कालोनी में रोपने के लिए पौधे भेंट किये गये। कार्यक्रम में आश्रम के बटुकों को भोजन परसादी करवा के सभी सदस्यों ने भी प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन डॉ गोविन्द सिंघल ने किया आभार शिव जिन्दल ने माना।

## मुझे बलि का बकरा बनाया जा रहा- पार्षद बाल मुकुंद सोनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विजय नगर स्थित अवंतिका गैस पाइपलाइन विस्फोट मामले की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान विजय नगर एसीपी पराग सैनी न्यायालय में उपस्थित हुए और अब तक की जांच की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की।

न्यायालय को बताया गया कि इस मामले में अब तक पांच लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। इनमें मैथ्यू, धर्मेंद्र लोधी, कपिल शर्मा, बालमुकुंद सोनी और राजेश चाचरा शामिल हैं। घटना वाले दिन ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर पहले तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके बाद हाल ही में क्षेत्रीय पार्षद बालमुकुंद सोनी और राजेश चाचरा को भी आरोपी बनाया गया। अब इस बहुचर्चित मामले में आरोपियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। हाईकोर्ट ने मांगी जांच की पूरी प्रगति-सुनवाई के दौरान एसीपी पराग सैनी ने न्यायालय के समक्ष अब तक की विवेचना, दर्ज प्रकरण, आरोपियों के नाम तथा जांच की वर्तमान स्थिति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने जांच की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तलब की थी। मंगलवार को उसी के अनुपालन में पूरी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष पेश की गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने हादसे में झुलसे पीड़ितों को अंतरिम मुआवजा देने की प्रक्रिया पर भी राज्य शासन से जवाब मांगा। साथ ही हादसे में प्रयुक्त बोरिंग मशीन और अन्य साक्ष्यों के संबंध में भी जानकारी प्रस्तुत की गई।



## ब्रिज निर्माण की राह साफ : चंद्रशेखर आजाद चौराहे पर सीवर लाइन शिफ्टिंग का भूमिपूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चंद्रशेखर आजाद चौराहे पर प्रस्तावित ब्रिज निर्माण का रास्ता अब साफ होने लगा है। ब्रिज निर्माण से पहले आवश्यक सीवर लाइन शिफ्टिंग कार्य का गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने चंदन नगर तिराहा पर विधिवत भूमिपूजन किया। एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से यह कार्य किया जाएगा, जिसके पूरा होने के बाद ब्रिज निर्माण में आने वाली प्रमुख तकनीकी बाधा दूर हो जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि भरत पारख,

पार्षद महेश चौधरी, शिखा संदीप दुबे, नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। भूमिपूजन के बाद महापौर ने अधिकारियों से ब्रिज और सीवर लाइन शिफ्टिंग की विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

## मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के दूसरे भाई भरत से आज पूछताछ करेगी पुलिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के दूसरे भाई भरत पटवारी भी पूछताछ की जद में आ गए है। राजेंद्र नगर पुलिस ने नोटिस जारी कर शुक्रवार को थाने में तलब कर लिया है। भरत पटवारी के कारोबारी पार्टनर पप्पू व सुमित मंत्री से पहले ही पूछताछ हो चुकी है। नाना पटवारी पहले ही बयान दर्ज करवा चुका है।

जोन-1 के डीसीपी नरेंद्रसिंह रावत के अनुसार पायल साहनी (पलसिकर) द्वारा नाना पटवारी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई थी। नाना से शुभम वैली टाउनशिप में प्लॉट का लेनदेन है। कालोनी का विकास कालोनाइजर सुमित मंत्री द्वारा किया गया था। सुमित से हुई पूछताछ में पप्पू मंत्री का नाम सामने आया।

पप्पू ने भरत पटवारी का नाम बताया। इसके बाद भरत को भी नोटिस जारी कर दिया गया। उधर पुलिस ने आन लाइन सट्टा केस ही अलग से जांच शुरू कर दी है। इस केस में एक आरोपित की गुरुवार को अग्रिम जमानत निरस्त करवा दी। पुलिस मामले में छात्र नेता रवि चौधरी से पूछताछ कर चुकी है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी के खिलाफ ड्रग मामले में जांच चल रही है। इस बीच उनके दूसरे भाई भरत पटवारी भी जांच के दायरे में आ गए। इंदौर पुलिस धोखाधड़ी के मामले में भरत से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। डीसीपी जोन-1 नरेंद्रसिंह रावत के अनुसार ड्रग के साथ गिरफ्तार संजय कौशल और इरफान ने नाना पटवारी का नाम लिया था। इसके बाद धोखाधड़ी की पीड़ित पायल साहनी ने थाने पहुंचकर नाना पटवारी पर शुभम वैली स्थित प्लॉट के रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।

## महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनंदन यतीजी महाराज का इंदौर में ऐतिहासिक स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● यति परंपरा के 900 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक सिद्धपीठ हथियाराम मठ, गाजीपुर के वर्तमान 26वें पीठाधीश्वर एवं भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट के प्रमुख संरक्षक एवं अध्यक्ष परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनंदन यतीजी महाराज का 16 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात बुधवार को इंदौर



आगमन हुआ। एयरपोर्ट पर सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु हार-मालाएं लिए महाराज श्री के स्वागत हेतु उपस्थित रहे।

## गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए 'सुपोषण संकल्प अभियान' के तहत 1000 न्यूट्रिशन किट वितरित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुरूप इंदौर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए 'सुपोषण संकल्प अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर शिवम वर्मा ने गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए 1000 न्यूट्रिशन किट का वितरण किया। यह पहल महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सहायता संस्था के सहयोग से की गई।

न्यूट्रिशन किट बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए राजगीरा के लड्डू, खोपरे का गोला, सत्तू का आटा, एक किलोग्राम खजूर, तिलपट्टी तथा अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल की गई है। प्रत्येक न्यूट्रिशन किट का मूल्य लगभग 500 रुपये है। यह किट केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित पोषण मानकों के अनुरूप तैयार की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के 6 माह से 6 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ श्रेणी में लाना है, ताकि भविष्य में जिले के बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो और कुपोषण की समस्या का प्रभावी समाधान हो सके। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुसार इंदौर जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं।

# एनईवाययू की न्याय यात्रा रोकने पुलिस बल तैनात, 15 छात्र नेता गायब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में छात्रों (ह्रश्वङ्क) की न्याय यात्रा 3.0 रोकने के लिए सुबह से ही भंवरकुआं चौराहे को छावनी में तब्दील कर दिया गया। यहां पुलिस के वाहन तैनात हैं और पुलिसकर्मी डंडे लेकर खड़े हैं। फिलहाल यात्रा नहीं निकली है।

शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन ने 23 जुलाई की दोपहर 1 बजे से न्याय यात्रा का आह्वान किया था, लेकिन यात्रा नहीं निकल सकी है। सुबह दस बजे से ही पुलिस बल डीडी गार्डन से लेकर पूरे भंवरकुआं चौराहा क्षेत्र में तैनात हो गया था। हालत यह थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता था।

**15 छात्र नेता गायब**-वहीं एनईवाययू से जुड़े छात्र नेताओं ने बताया कि उनके 15 नेता गायब हैं। या तो पुलिस ने उन्हें उठा लिया है या पुलिस उन्हें तलाश कर रही है जिससे वे कहीं अंडरग्राउंड हैं। हालत यह है कि मंजूरी नहीं दी गई और वहां दस लोगों को भी जमा नहीं होने दिया जा रहा है। इसके पहले रात को ही राधे जाट, सुरेंद्र यादव एवं अन्य नेताओं को उठाने के आरोप संगठन के ही रणजीत किसानवंशी ने वीडियो जारी कर लगाए थे। अब वह भी गायब हैं।

**यहां से निकलने वाली थी यात्रा**-यह शांतिपूर्ण न्याय यात्रा दीनदयाल गार्डन (भोलाराम उस्ताद मार्ग) से महात्मा गांधी प्रतिमा, रीगल स्क्वेयर तक प्रस्तावित थी। किंतु यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

आरोप है कि संगठन के कई छात्र नेताओं को एक-एक कर उठाना शुरू कर दिया। सुबह से यात्रा का नेतृत्व कर रहे अन्य छात्र नेताओं को भी अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया, जिससे शांतिपूर्ण मार्च को रोक दिया गया।

**यह बोला संगठन**-नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन का कहना है कि, लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों और युवाओं को रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। संगठन ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन युवाओं की आवाज को दबाने के लिए दमन का रास्ता अपनाएंगे, तो इससे युवाओं के आक्रोश को और बल मिलेगा।

संगठन ने मांग की है कि हिरासत में लिए गए सभी छात्र नेताओं को तत्काल रिहा किया जाए। साथ ही छात्रों की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का सम्मान किया जाए।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत श्रम कार्यालय में पंजीयन शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र श्रमिक मासिक 55 रुपये से अंशदान जमा कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मासिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्रमिक द्वारा जमा किए जाने वाले अंशदान के बराबर राशि भारत सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। बताया गया कि ऐसे श्रमिक, जो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं तथा जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है, वे इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि इच्छुक श्रमिक देवी अहिल्या मार्ग इंदौर स्थित सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

# भोपाल से अधिक इंदौर में हूटर बजाकर नेतागिरी का शौक!

**भोपाल (एजेंसी)** • गाड़ी पर हूटर लगाकर वीआईपी रुतबा दिखाने का शौक प्रदेश में खूब सिर चढ़कर बोल रहा है। कोई नेता जैसा दिखना चाहता है तो कोई सड़क पर अलग पहचान बनाना। यही वजह है कि बीते ढाई साल में प्रदेश में अवैध हूटर लगाने पर 1 हजार से अधिक चालान काटे गए हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा क्रेज इंदौर में देखने को मिला, जहां 255 से अधिक लोगों पर कार्रवाई हुई।

भोपाल भी इससे अछूता नहीं रहा और यहां 141 चालान कटे। बड़े शहरों के अलावा चंबल अंचल भी वीआईपी रुतबा दिखाने में पीछे नहीं हैं। यहां मुरैना में 100 से अधिक और भिंड में 92 चालान काटे गए हैं। हालांकि श्योपुर में जरुर 10 लोगों पर ही कार्रवाई हुई है। वहीं गाड़ी में अवैध हूटर लगाने पर दतिया में 52 के खिलाफ चालानी कार्रवाई हुई है। आंकड़े बताते हैं कि अवैध हूटर लगाने पर उज्जैन में 68 चालान काटे गए। दिलचस्प बात यह है कि टीकमगढ़ में ढाई साल में हूटर लगाने के एक भी मामले में चालान नहीं काटा गया। अवैध हूटर लगाने वालों से वसूले गए चालान का हिसाब भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं है। प्रदेश के कई जिलों में चालान की राशि सरकारी खजाने तक पहुंचने से पहले ही 'पेंडिंग' हो गई है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 1 लाख रुपए से अधिक की राशि अब तक शासन के मद में जमा नहीं हो सकी है।



### हूटर लगाने का क्या है नियम?

हूटर का उपयोग केवल उन वाहनों में किया जा सकता है, जिन्हें कानून अथवा शासन के आदेश से इसकी अनुमति प्राप्त हो। पुलिस वाहन, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और अन्य अधिकृत एमरजेंसी सेवाओं के वाहनों में हूटर लगाया जाता है, ताकि सड़क पर उन्हें प्राथमिकता मिल सके। आम नागरिक, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी अपनी गाड़ियों में हूटर नहीं लगा सकते। अवैध रूप से हूटर लगाने पर मोटरयान नियमों के तहत मौके पर शमन शुल्क वसूल सकते हैं। नियम तोड़ने पर कोर्ट 500 से 1500 तक का जुर्माना लगा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### गणेश मंडल जेल रोड पर तीन दिवसीय शुक्ल यजुर्वेद संहिता स्वाहाकार कल से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रामबाग स्थित श्री शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के तत्वावधान में जेल रोड स्थित गणेश मंडल पर 25 से 27 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा उत्सव के अंतर्गत शुक्ल यजुर्वेद संहिता स्वाहाकार का दिव्य आयोजन पुणे के प्रख्यात आचार्य वेदमूर्ति श्री निखिल भालेराव के निर्देशन में होगा। संस्था के अध्यक्ष पं. उपेन्द्र जोशी, सचिव पं. तुषार जोशी गुरुजी एवं पं. राजेंद्र जोशी ने बताया कि शनिवार 25 जुलाई को सुबह 9 से 12 बजे तक गणपति पूजन, पुण्याहवाचन एवं नांदी श्राद के बाद दोपहर 1 से 5 बजे तक मंडल स्थापन, अग्नि स्थापना एवं गृह शांति तथा शाम 5 बजे आरती होगी। रविवार को सुबह 9 बजे से संहिता स्वाहाकार प्रारम्भ होगा जो शाम 5 बजे तक चलेगा। सोमवार को सुबह 9 बजे स्थापित देवता होम एवं बलिदान के बाद 11.30 बजे पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ अनुष्ठान का विराम होगा। इस अवसर पर पं. नंदकिशोर जोशी एवं पं. विजय अयाचित विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### भागवत ज्ञान यज्ञ के समापन पर यज्ञ हवन, भक्तों की ओर से किया गया अभिनन्दन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • बर्तन कितना ही सुंदर और कीमती हो, यदि उसमें छिद्र होगा तो उत्तम पदार्थ भी बह जाएगा। जीवन यात्रा में भी ऐसे अनेक छिद्र बनते रहते हैं, जो हमारे सदगुणों को बहा ले जाते हैं। कुसंग से बड़ा कोई छिद्र नहीं होता, लेकिन यदि सत्संग का कवच होगा तो आत्म कल्याण के साधन बचे रहेंगे। सुख और दुख जीवन के क्रम हैं, लेकिन अपनी जरूरतों की पूर्ति के बाद भी हम नर में नारायण के दर्शन की अनुभूति करते रहें तो हमारा भागवत श्रवण सार्थक हो उठेगा। ये प्रेरक विचार हैं वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ के समापन एवं यज्ञ हवन के पश्चात आयोजित अपने अभिनन्दन समारोह में व्यक्त किए।

### किरीट भाईजी आज आएंगे, जाल सभागृह में मालवांचल के भक्तों संग मनाएंगे गुरू पूर्णिमा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •प्रख्यात संत, ब्रह्मऋषि किरीट भाईजी शुक्रवार, 24 जुलाई को अपने शिष्यों और भक्तों के साथ गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाने के लिए इंदौर आ रहे हैं। वे रतलाम से सड़क मार्ग से आएंगे तथा साऊथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तुलसी परिवार इंदौर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों और शिष्यों को आशीर्वचन देंगे, उनकी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे और ठाकुरजी का पूजन भी करेंगे।

### समाज के अनेक वरिष्ठजनों के साथ किया जनसंपर्क, जगह-जगह मिला आत्मीय समर्थन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के 26 जुलाई को हो रहे द्विवार्षिक चुनाव के लिए 'जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल' के उम्मीदवारों का छावनी अनाज मंडी सहित छावनी क्षेत्र की सभी अग्रवाल बाहुल्य कॉलोनियों में जबरदस्त स्वागत किया गया। छावनी अनाज मंडी में मंडी अध्यक्ष मनोज काला, महामंत्री राजा अग्रवाल, उपाध्यक्ष काशीराम, कोषाध्यक्ष नारायण अग्रवाल एवं प्रकाश बोहरा, सुखमल, राजेश जिंदल, मुकेश अग्रवाल एवं वरुण मंगल सहित मंडी के सभी व्यापारियों ने पैनल के सभी उम्मीदवारों का आत्मीय स्वागत किया और पैनल द्वारा घोषित किए गए कल्याणकारी कार्यकमों का तहेदिल से समर्थन किया।

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक जयंती पर भव्य आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अखिल भारतीय स्वतंत्र सेनानी उत्तराधिकारी संगठन और अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य तिलक की जयंती पर एक भव्य आज़ाद-तिलक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की पांच प्रतिष्ठित विभूतियों को सम्मानित किया गया और देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं मध्यस्थता केंद्र के चीफ जस्टिस शमीम कुरैशी (मोहम्मद शमीम) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में हेमराज वाडिया उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में अनिल आजाद, गणेश वर्मा, जगदीश सतेया, बंटी कुमरावत, उमाशंकर रायकवार, ओ.पी. वर्मा, सुधीर सेठिया, उमेश पारेख, कैलाश कुशवाहा और संजय जयंत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मदन परमालिया ने किया तथा आभार जगदीश जोशी ने माना। विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## अग्रसेन सनातन पैनल के उम्मीदवारों ने किया समाज बंधुओं से सम्पर्क

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के चुनाव में 'अग्रसेन सनातन पैनल' के उम्मीदवारों ने अन्नपूर्णा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर समाजसेवा के अपने संकल्प को दोहराया। इस दौरान उषा नगर, सुदामा नगर, गुमास्ता नगर, रेवेन्यू नगर एवं राजेंद्र नगर सहित सव्ही क्षेत्र में अग्र बंधुओं ने उम्मीदवारों को भरपूर सहयोग, स्नेह एवं समर्थन देने का वादा किया। वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल एवं बालकिशन छावछरिया के मार्गदर्शन में जनसंपर्क के दौरान पैनल के पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों ने समाज बंधुओं को बताया कि यह चुनाव केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि समाजसेवा के संकल्प को आगे बढाने का अवसर है। उन्होंने बताया कि पैनल का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा, चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के स्वावलंबन तथा युवा विकास के क्षेत्र में ठोस एवं मैदानी काम करना है। उम्मीदवारों ने विश्वास दिलाया कि समाज का आशीर्वाद मिलने पर उन सभी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।



## शहर को हराभरा बनाने के लिए गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट और चमेलीदेवी योग केंद्र ने बनाई सीड बॉल बाँटने की योजना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के तहत गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से शहर को हराभरा बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है। इसके अंतर्गत राजस्थान के एक सांवरिया स्वयं सहायता समूह के सहयोग से शहर में करीब 7500 सीड बॉल का वितरण किया जा रहा है। यह सीड बॉल उक्त स्वयंसेवी समूह की ग्रामीण महिलाओं ने इंदौर में आकर ही तैयार किए हैं जिसमें वट, पीपल, जामुन, नीम, अश्वगंधा आदि के बीज गोबर एवं मिटटी के मिश्रण सहित रखे गए हैं। बुधवार को गीता भवन में आयोजित एक समारोह में समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, किशोर गोयल, राजेश बंसल एवं आशा जैन ने स्वयं सहायता समूह के प्रवीर की मौजूदगी में इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत चमेलीदेवी योग केंद्र के शहर में चल रहे सभी 18 केन्द्रों पर यह सीड बॉल वितरण किए जा रहे हैं। ये सभी सीड बॉल ऐसे स्थानों पर फेंके जाएँगे जो जंगल, नदी, नाले अथवा अपने आंगन के आसपास खुली जगह पर रोपित करने के लिए दिए गए हैं। इन्हें अंकुरित करने की प्रक्रिया बहुत आसान है जिसमें इन्हें केवल किसी भी ऐसे स्थान पर रखना है जहाँ हवा पानी की आपूर्ति हो रही हो और जहाँ लोगों का आना-जाना नगण्य अथवा कम होता हो। जैसे ही इस सीड बॉल पर पानी की बूंदें गिरेंगी, मिटटी और गोबर के मिश्रण से इस बॉल में मौजूद बीज अंकुरित होकर अपनी जगह बना लेंगे। इस तरह शहर के विभिन्न कॉलोनियों में प्रथम चरण में 2 हजार पैकेट बांटे गए हैं।

## आज मानवीय मूल्यों की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करने की सख्त जरूरत-मुनिश्री सुधासागर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सूर्य कभी अपनी गति को कम ज्यादा नहीं करता, वह निरंतर चलते हुए सबको बिना किसी भेदभाव के प्रकाश देता है। हम अपने द्वार को खोलकर रखेंगे तो सूर्य का प्रकाश मिलेगा ही, इसी तरह हम मानवीय मूल्यों की कद्र करेंगे तो हम चाहें या न चाहें, प्रतिफल तो अपने आप मिलेगा ही। आज हर व्यक्ति चाहता है कि वह सम्मान के साथ जिए और सब लोग उसका सम्मान करें लेकिन विडम्बना यह है कि वह किसी को सम्मनित होते देखना नहीं चाहता। हमें इस प्रवृत्ति को सुधारना होगा। अच्छा काम करने वालों की जगत में हमेशा अच्छाई ही होती है। आज के समय में मानवीय मूल्यों की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करने की सख्त जरूरत है। ये प्रेरक आशीर्वचन हैं राष्ट्र संत मुनि पुंगव श्री प.पू. श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित सुमति धाम पर अपने भव्य पदार्पण के दौरान महती धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इसके पहले सेटेलाइट नगर से प.पू. सुधासागर म.सा. ससंघ 18 पिच्छिकाओं का मंगल विहार करते हुए सुमति धाम गोधा इस्टेट पधारे, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने उनकी गरिमापूर्ण अगवानी की। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में भक्तों से आग्रह किया कि वे कभी भी यह विचार और शब्द नहीं लाएं कि 'यह मेरे बस की बात नहीं '। यदि आप सब ने ऐसा संकल्प कर लिया तो इंदौर में मेरा चातुर्मास सफल हो जाएगा। विश्वास रखें कि इंदौर के घर-घर में सौगात बरसेगी, कोई न कोई शगुन आएगा। मैं कभी भी आपको आदेशात्मक बात नहीं कहूँगा। यदि तुमने 'ये मेरे बस की बात नहीं' शब्द नहीं कहे तो याद रखना कि गुरु के मुख से यह बात निकली है और गुरु मेरी नगर सीमा में आया है तो मेरे बस में हर काम संभव है।

## चंबल में अवैध खनन कराने वालों को हिरासत में लें : सुप्रीम कोर्ट

**भोपाल (एजेंसी)** • राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ प्रिवेंटिव डिटेंशन (एहतियाती हिरासत) जैसे कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त संदेश जाए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध खनन और इससे संकटग्रस्त जलीय वन्यजीवों पर पड़ रहे प्रभाव से जुड़े स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मुरैना जिले में अवैध रेत खनन में सहयोग करने वाले 551 लोगों की पहचान की जा चुकी है। इस पर पीठ ने सवाल किया कि जब इनकी पहचान हो गई है तो इन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ एहतियाती हिरासत के आदेश जारी किए जाएं और कुछ समय तक उन्हें हिरासत में रखा जाए, ताकि दूसरों के लिए भी यह कार्रवाई नजीर बने। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चंबल नदी और उसकी सहायक नदियों का प्राकृतिक प्रवाह तथा वन्यजीवन का संतुलन सुरक्षित रहना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी की कि प्रकृति अपने आप संतुलन बना सकती है, बशर्ते मानव हस्तक्षेप कम हो। जो लोग प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके प्रति किसी प्रकार की सहानुभूति नहीं दिखाई जानी चाहिए।

## जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के चातुर्मास में साध्वी प्रियम एवं श्रियमरसाश्री का मंगल प्रवेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में चातुर्मास के लिए प.पू. साध्वी प्रियमरसाश्री म.सा. एवं श्रियमरसाश्री म.सा. का मंगल प्रवेश शुक्रवार 24 जुलाई को पुखराज पैलेस, फूटी कोठी से मंगल प्रवेश सामैया के साथ होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर ने बताया कि पुखराज पैलेस से बैंड बाजों सहित सामैया जुलूस प्रारम्भ होकर द्वारकापुरी मंदिर होते हुए पुन: पुखराज पैलेस पहुंचेगा। इस बार चातुर्मास स्थल को अयोध्या नगरी नाम दिया गया है। प.पू. साध्वी द्वय के मंगल प्रवेश एवं चातुर्मास के दौरान विभिन्न तैयारियों को लेकर ट्रस्ट मंडल द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर संयोजकों का मनोनयन किया गया है।

## ईओडब्ल्यू को 6 साल में 23 हजार शिकायतें...कोर्ट पहुंचीं सिर्फ आठ

**भोपाल (एजेंसी)** • मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने वाली मुख्य एजेंसी 'आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ' (ईओडब्ल्यू) की कार्यप्रणाली और मुकदमों के निपटारे की रफ्तार पर सवाल उठ रहे हैं। पिछले साढ़े छह सालों (वर्ष 2020 से जून 2026 तक) के दौरान ईओडब्ल्यू में रिकॉर्ड 23,261 शिकायतें पहुंचीं, लेकिन अदालतों में चालान पेश होने वाले मामलों की संख्या न के बराबर रही। विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा पेश आंकड़ों से यह खुलासा हुआ है। ईओडब्ल्यू को मिले हजारों आवेदनों में से केवल 3,018 को ही शुरुआती जांच की शिकायत के रूप में स्वीकार किया गया, जबकि 756 आवेदनों को जांच के बाद नस्तीबद्ध (फाइल बंद) कर दिया गया। सालों पुरानी शिकायतों पर स्न्ह्रक्र दर्ज करने और कोर्ट में चालान पेश करने में हो रही देरी जांच प्रक्रिया की जमीनी हकीकत को बयां करती है। इंदौर नगर निगम के जल कार्य विभाग में फर्जी बिलों और वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है। वर्ष 2020 में प्राप्त शिकायत क्रमांक 64/20 के आधार पर ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू की और गड़बड़ी पाए जाने पर अपराध क्रमांक 16/2020 दर्ज किया। मामले में संबंधित ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान का आरोप था। लंबी विवेचना, साक्ष्यों के संकलन और गवाहों के बयानों के बाद ईओडब्ल्यू ने चालान पत्र क्रमांक 11/25 तैयार किया और 12 अगस्त 2025 को सक्षम न्यायालय में आरोपी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ विस्तृत चार्जशीट प्रस्तुत कर दी। सतना जिले में 2020 में सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य संबंधित निर्माण कार्यों में पद के दुरुपयोग व अमानत में खयानत की शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रारंभिक जांच में शिकायत प्रमाणित पाए जाने पर ईओडब्ल्यू ने वर्ष 2021 में अपराध क्रमांक 11/21 के तहत आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया। जांच टीम द्वारा वित्तीय दस्तावेजों और निविदा प्रक्रिया की गहन पड़ताल की गई। सभी आवश्यक दस्तावेज एकत्र करने के बाद ईओडब्ल्यू ने 30 अगस्त 2022 को विशेष न्यायालय (पी.सी. एक्ट) सतना में चालान क्रमांक 15/22 पेश कर दिया।


सांध्य दैनिक

इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# जिले की शालेय खेल स्पर्धाएं आज से होंगी शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** जिले की शालेय खेल स्पर्धाएं शुक्रवार से शुरू होने जा रही हैं। इसके लिए खेल कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है। जुलाई से शुरू होकर ये खेल गतिविधियां सितंबर तक चलेंगी। अधिकांश खेलों का आयोजन निजी स्कूलों में भी कराया जाएगा । गत दिनों जिले का कैलेंडर बनाने के लिए बैठक आयोजित हुई थी, जिसके बाद तय कैलेंडर के अनुसार 24 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। पहले दिन रोप स्कीपिंग से शुरुआत होगी। यह स्पर्धा शास. मालव कन्या उमावि मोती तबेला पर आयोजित होंगी। इसी दिन कलारी पट्टू स्पर्धा भी होगी, जो गुरु शरण पब्लिक स्कूल लिम्बोदी पर होगी। इसके बाद 27 जुलाई से तलवारबाजी, योगा, 29 जुलाई से फुटबॉल, बास्केटबॉल, शूटिंग, बैडमिंटन और हैंडबॉल की स्पर्धा होगी। इसके बाद अगस्त माह में भी 3 अगस्त से स्पर्धाएं खेली जाएगी। इस बार सपकटेकरा, कूडो, मार्डन पैथटलॉन, थांगटा मार्शल आर्ट जैसे खेलों को भी शामिल किया गया है। वहीं पिट्ठू, गतका जैसे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है। लगभग 40 से ज्यादा खेलों की स्पर्धाएं खेल कैलेंडर में बताई गई है, जिसमें से शासकीय स्कूलों में नाम मात्र के ही खेल होंगे, अन्य सभी खेलों को अशासकीय स्कूलों में ही करवाने की तैयारी की गई है। शासकीय स्कूलों में और जिला क्रीड़ा विभाग के पास कई खेलों को करवाने की कोई सामग्री ही नहीं है।

### संयोजक तय किए, वे ही करवाएंगे स्पर्धाएं

जिला क्रीड़ा अधिकारी विक्रांत आखरे ने बताया कि खेल कैलेंडर जारी होने के साथ ही कौन सा खेल किस स्कूल में होगा, उसका खेल संयोजक कौन होगा और सहसंयोजक कौन होगा इसकी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। संयोजक और सहसंयोजक की जिम्मेदारी शासकीय स्कूलों के प्राचार्यों और क्रीड़ा शिक्षकों को ही सौंपी गई है। हालांकि सहयोगियों की ड्यूटी चार्ट भी जारी किए जा रहे है।

# हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत का लक्ष्य है विश्वकप जीतना

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि उनकी टीम का लक्ष्य अगले माह होने वाले विश्वकप में जीत दर्ज करना है। हरमनप्रीत ने कहा कि टीम इस बार 51 साल से चले आ रहे विश्व कप के खिताबी सूखे को समाप्त करने के इरादे से उतरेगी। हरमनप्रीत दूसरी बार विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करने जा रहे है और उन्हें भरोसा है कि टीम इस बार जीत दर्ज करने में सफल रहेगी। विश्वकप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय टीम पिछले 50 साल से ये खिताब नहीं जीत पायी है। उसने अंतिम बार साल 1975 में अजीत पाल सिंह की कप्तानी में विश्कप जीता था। इससे पहले टीम ने 1971 में



कांस्य, 1973 में रजत जीता था। मौजूदा टीम का आत्मविश्वास पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है। हरमनप्रीत ने बताया कि टोक्यो ओलंपिक 2021 में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने और पेरिस ओलंपिक 2024 में लगातार दूसरा कांस्य जीतने से टीम उत्साहित है। अब उनका लक्ष्य सिर्फ ओलंपिक पदक नहीं, बल्कि विश्व कप जीतकर नया इतिहास रचना है। हरमनप्रीत ने कहा कि पिछले कुछ समय में टीम ने विश्व की शीर्ष टीमों को हराकर अपने को साबित किया है। उन्होंने कह कि यह समय आ गया है कि हम प्रशंसकों के लंबे इंतजार को समाप्त करें। हम प्रशंसकों से अपील करते हैं कि वे हमारा समर्थन करते रहें, हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे और जीत हासिल करेंगे ।भारतीय टीम को विश्वकप के लिए पूल-डी में रखा गया है, जहां उसका सामना इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स से होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगी, जिसका लक्ष्य जीत के साथ टूर्नामेंट का आगाज करना होगा।

# शौर्य शूटिंग क्लब के निशानेबाजों ने 4 स्वर्ण और 6 रजत पदक हासिल किये



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** 29वी एम पी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप जिसका आयोजन 14 से 21 जुलाई 2026 तक इंदौर स्थित एमरॉल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के 10 मिटर एयर पिस्तौल इवेंट में शौर्य शूटिंग क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पे निशाना साधा विजय योगी,अतुल मंडलोई,चैतन्य गायकवाड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। साथ ही 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में प्रांजल केशवाल ने 1 स्वर्ण 3 रजत, क्षितिज रघुवंशी ने 1 रजत, हर्षाली सोनी 1 रजत, नेहा पाटीदार 1 रजत और बाकी सभी निशानेबाज़ो ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री नेशनल के लिए क्वालीफ़ाई किया। जिसके लिए प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता सर वॉइस प्रेसिडेंट डी के शुक्ला सर इंटरनेशनल ज्यूरी प्रियनांशि गुप्ता मेडम ओर शौर्य शूटिंग क्लब के कोच शुभम सालवी,राज सालवी,हर्षाली सोनी ने आगे के लिए बधाई दी।



# 5 अगस्त से स्टार प्लस पर 'ये फितूर तेरा'




**मुंबई (एजेंसी) ●** स्टार प्लस के नए शो 'ये फितूर तेरा' की लॉन्च डेट का ऐलान कर दिया गया है। शो की कहानी इलाहाबाद की रहने वाली सौम्या के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हमेशा इस चिंता में रहती है कि लोग उसके बारे में क्या सोचेंगे। यही डर उसे अपनी बात कहने से रोकता है। को-एड कॉलेज में दाखिले के बाद उसे नए माहौल, नए लोगों और नए रिश्तों का सामना करना पड़ता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात जीत से होती है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी चुनौती अपने डर और असुरक्षाओं से लडना है। सौम्या का किरदार निभा रहीं देबचंद्रिमा सिंघा रॉय ने कहा कि शुरुआत से ही वह इस किरदार से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करती थीं। उन्होंने कहा कि सौम्या ऐसी लडक़ी है जो लोगों से जुडऩा चाहती है, लेकिन उसके अपने डर उसे रोक लेते हैं। अक्सर लोग किसी शांत इंसान को देखकर उसके बारे में धारणा बना लेते हैं, जबकि उसके मन में चल रही भावनाओं और संघर्षों को नहीं समझ पाते।

## राम गोपाल की तारीफ और राष्ट्रीय पुरस्कार का आभार जताया यामी गौतम ने

**मुंबई (एजेंसी) ●** अभिनेत्री यामी गौतम, जो इन दिनों अपनी फिल्म आर्टिकल 370 के लिए मिले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के कारण सुर्खियों में हैं, ने हाल ही में अपने लंबे फिल्मी सफर को सबसे बड़ा शिक्षक बताया। यह टिप्पणी उन्होंने दिग्गज फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा के बधाई संदेश के जवाब में की। वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यामी की जीत की सराहना करते हुए उनकी कला की तारीफ की थी, जिसके बाद यामी ने दिल से आभार व्यक्त किया। यामी ने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी और उसी को अपने शुरुआती और सबसे महत्वपूर्ण गुरु के रूप में याद किया।

## उज्जैन संभाग

# महाकाल की पहली सवारी से पहले रामघाट पर कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन ●** नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को सावन माह और बाबा महाकाल की पहली सवारी की तैयारियों के तहत रामघाट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान घाट पर रखे काउंटर, गुमटियां, तख्त और अन्य सामान जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई के लिए प्रशासन को तीन डम्पर और चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब नगर निगम की टीम ने प्रतिदिन होने वाली शिप्रा आरती में उपयोग किए जाने वाले तख्त भी हटाने शुरू कर दिए। इसका पंडा समिति के सदस्यों ने विरोध किया और कुछ देर तक रामघाट पर हंगामा होता रहा। हालांकि भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने सभी सामान जब्त कर लिया। घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि 3 अगस्त को श्रावण मास में बाबा महाकाल की प्रथम सवारी नगर भ्रमण पर निकलेगी। परंपरा के अनुसार महाकाल की पालकी रामघाट पहुंचकर पूजन-अर्चन करेगी। सावन में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के घाट पहुंचने के कारण सुरक्षा और सुचारू व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए रामघाट को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। पंडा समिति के अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी ने प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिप्रा आरती वर्षों पुरानी परंपरा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 के सिंहस्थ महापर्व के दौरान तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर इसे भव्य गंगा आरती के स्वरूप में विकसित किया गया था। उनका आरोप है कि पहले आरती में उपयोग होने वाले माइक जब्त किए गए और अब तख्त भी हटा दिए गए, जिससे धार्मिक परंपरा प्रभावित होगी। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को अनुचित बताया।

# दर्शन में बाधा नहीं बनेगा मंदिर निर्माण का काम, ट्रस्ट ने अस्थाई पुल बनाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन ●** 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा पर्व हैं, यह दिन खंडवा शहर के लिए खास हैं। दादा दरबार में लाखों लोग इस पर्व पर जुटेंगे और दर्शन करेंगे। लेकिन इस साल अलग ही परिस्थितियां हैं। दादाजी धाम मंदिर के नये निर्माण को लेकर नींव खोदी गई हैं। जिसके चलते मंदिर परिसर में तालाबनुमा गड्ढे हो गए हैं। इसके बीच लाखों श्रद्धालु की सुविधा के लिए मंदिर ट्रस्ट ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। खास बात यह है कि, तालाबनुमा मंदिर परिसर क्षेत्र में अस्थाई पुल तैयार किए जा रहे हैं। पुल बनाने के लिए भारी मात्रा में गर्डर और स्लैब कास्टिंग वाली सेटरिंग का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। यानी एक तरह से मंदिर के भीतर प्रवेश के लिए परिसर में रास्ता बनाया जा रहा हैं, ठीक वैसे ही जैसे हर साल दर्शन होते हैं। कहीं-कहीं तो मुरूम का भराव करके रास्ते को समतल किया जा रहा हैं। श्रद्धालु जिस 6 नंबर गेट से प्रवेश



करेंगे। वहां पर झिकझेक और बरसात से बचाव के लिए डोम बना दिया गया हैं। इसके अलावा, मंदिर परिसर में अमूल्य दर्शन के पास अलग-अलग तरह से ब्रिज तैयार किए जा रहे हैं। ब्रिज की जरूरत नये मंदिर निर्माण के लिए नींव खुदाई के दौरान बने तालाबनुमा गड्ढों को देखते हुए बनी हैं। इसी के चलते श्रद्धालुओं को तकलीफ ना हो, आसानी से दर्शन हो जाए, जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अगले 5 दिन बाद पर्व हैं, इसे देखते हुए तैयारियों को मिशन मोड़ पर ले लिया गया हैं।

### कोई परिवर्तन नहीं, व्यवस्था सुचारू

मंदिर ट्रस्टी शांतनु दीक्षित ने बताया कि, इस साल दादा दरबार में दर्शन व्यवस्था हर साल की भांति ही रहेगी। मंदिर निर्माण के चलते थोड़ा-बहुत अंतर आया हैं। वह यह कि नींव खुदाई से तैयारियां थोड़ी कठिन हुई हैं। लेकिन दादाजी की कृपा से सबकुछ दुरूस्त हो गया हैं। नींव वाले गड्ढों पर ब्रिज बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालु भीतर आएंगे और दर्शन कर तत्काल बाहर जाएंगे। भीड़ और जगह की कमी के चलते श्रद्धालु परिसर में ज्यादा देर तक समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे।

# पीडीएस संचालन में दिक्कत, कमीशन कटौती से महिलाएं नाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास ●** कमीशन में लगातार हो रही कटौती से नाराज जिले के छह ब्लॉकों की स्व-सहायता समूह की महिलाएं गुरुवार को देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने हाथों में पीडीएस मशीनें लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि कमीशन कटौती व बकाया भुगतान की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे मशीनें जमा कर उचित मूल्य की दुकानों का संचालन बंद कर देंगी। महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में उन्हें निर्धारित कमीशन मिलता था, लेकिन बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के इसमें लगातार कटौती की जाने लगी। उन्हें कटौती की जानकारी भी नहीं दी जाती, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसी विरोध के चलते महिलाएं पीडीएस मशीनें जमा करने



पहुंची थीं ।महिला प्रतिनिधि पूजा डोरिया ने जानकारी दी कि जिले में लगभग 450 उचित मूल्य की दुकानों का संचालन स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन का भुगतान नियमित नहीं हो रहा है और करीब 75 हजार रुपये का बकाया लंबित है। महिलाओं ने मांग की कि बकाया राशि तत्काल जारी की जाए और कमीशन में हो रही कटौती पर रोक लगाई जाए। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वे राशन दुकानों का संचालन पूरी तरह बंद कर देंगी और अपनी मशीनें प्रशासन के पास जमा कर देंगी।

# पीएम आवास के फॉर्म रिजेक्ट, ग्रामीणों का जनपद कार्यालय पर प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव ●** पाड़ियादेह ग्राम पंचायत के गांव वालों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई गड़बड़ी को लेकर जनपद पंचायत दफ्तर पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर अपात्रों को फायदा देने और सही हकदारों को बाहर करने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। गांव वालों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ने आपस में मिलकर पैसे वाले और अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिला दिया। दूसरी तरफ, सालों से कच्चे मकानों में रह रहे असल जरूरतमंद परिवारों के फॉर्म खारिज कर दिए गए। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन्हें मकान मिले हैं, उनमें से कुछ लोगों के पास अपनी खेती की जमीन और चार पहिया गाड़ियां तक हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पंचायत में कुल 171 आवेदन आए



थे, जिनमें से 119 निरस्त कर दिए गए। खारिज हुए आवेदनों में 54 आवेदन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। गांव वालों का कहना है कि हकदार होने के बावजूद इन लोगों को जानबूझकर अपात्र ठहराया गया। गांव वालों ने मांग की है कि पूरे मामले की सही से जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के नाम मंजूर हुए हैं, जब तक जांच पूरी न हो, उनकी किश्त रोक दी जाए। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सात दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे भूख हड़ताल पर बैठेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की लिस्ट जनवरी में हुए सर्वे के हिसाब से तैयार हुई थी। उन्होंने माना कि पोर्टल के स्तर पर कुछ तकनीकी दिक्कतें भी आई हैं। सीईओ ने भरोसा दिलाया कि शिकायत आने के बाद पूरे मामले की फिर से जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह पक्का करेगा कि असली हकदारों को ही योजना का फायदा मिले और कोई भी जरूरतमंद छूटे नहीं।

# आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से सुरक्षित होगा दाहोद रेल लाइन का संचालन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**पीथमपुर** • औद्योगिक नगरी पीथमपुर के लिए बहुप्रतीक्षित इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना तेजी से आकार ले रही है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार टीही से धार रेलखंड के बीच सिग्नलिंग सिस्टम का 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य भी तेजी से अंतिम चरण में पहुंच गया है। परियोजना पूरी होने के बाद पीथमपुर को आधुनिक रेल संपर्क मिलने के साथ उद्योग, व्यापार और रोजगार को नई गति मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार परियोजना के अंतर्गत पीथमपुर टनल, पीथमपुर-सागौर, सागौर-गुणावद तथा गुणावद-धार रेलखंड में अत्याधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। वहीं पीथमपुर रेलवे स्टेशन सहित सागौर, गुणावद और धार स्टेशनों पर रिले रूम, आईपीएस रूम, केबल हट, बैटरी रूम और अन्य तकनीकी संरचनाओं का निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका है।



नई रेल लाइन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम लगाया जा रहा है, जो ट्रेनों के सिग्नल और प्वाइंट्स का पूरी तरह स्वचालित एवं सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करेगा। इससे मानवीय त्रुटियों की संभावना काफी कम होगी और ट्रेनों का परिचालन अधिक सुरक्षित, तेज एवं समयबद्ध हो सकेगा। रेलवे द्वारा प्रत्येक चरण में तकनीकी परीक्षण और सुरक्षा निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।

## पीथमपुर के उद्योगों को मिलेगा सीधा लाभ

देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल पीथमपुर की हजारों औद्योगिक इकाइयों को इस रेल परियोजना से बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में अधिकांश माल परिवहन सड़क मार्ग से होता है, जिससे समय और लागत दोनों अधिक लगते हैं। नई रेल लाइन शुरू होने के बाद उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलेगी। इससे लॉजिस्टिक लागत घटेगी और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

## यात्रियों के लिए भी बनेगा नया विकल्प

रेल लाइन शुरू होने के बाद पीथमपुर, धार, इंदौर और गुजरात के बीच आवागमन आसान होगा। क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सुविधा मिलने के साथ रोजगार, व्यापार, शिक्षा और पर्यटन के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। लंबे समय से इस परियोजना का इंतजार कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# प्रमोशन प्रस्ताव पर शासन ने लगाई आपत्ति

### एमआईसी ने इंजीनियरों की पदोन्नति का रखा था प्रस्ताव, संशोधित प्रस्ताव भेजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) से पारित इंजीनियरों के पदोन्नति प्रस्ताव पर राज्य शासन ने आपत्ति दर्ज कर दी है। शासन ने प्रस्ताव में नियमों की अनदेखी और विभागीय जांच का सामना कर रहे अधिकारियों के नाम शामिल किए जाने पर सवाल उठाए हैं। इसके बाद निगम प्रशासन ने सूची में संशोधन कर नया प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अब यह देखना होगा कि संशोधित प्रस्ताव दोबारा एमआईसी के समक्ष रखा जाएगा या सीधे शासन को भेजा जाएगा।

हाल ही में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई एमआईसी बैठक में कुल 13 इंजीनियरों की पदोन्नति को मंजूरी दी गई थी। इसमें दो सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री तथा 11 उपयंत्रियों को सहायक यंत्री पद पर पदोन्नत करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव के अनुसार सहायक यंत्री देवकीनंदन वर्मा और शांतिलाल यादव को कार्यपालन यंत्री बनाया गया था, जबकि नरेंद्र कुरील, पंकज दहायत, नरेश जायसवाल, प्रदीप दुबे, प्रवीण दुबे, धीरेंद्र बायस, मनीष पांडे, राजकुमार राठौर, रोहित राय, निर्माता हिंडोलिया और राहुल सूर्यवंशी को सहायक यंत्री पद पर पदोन्नति देने की स्वीकृति दी गई थी।



## एमआईसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हुए

इस घटनाक्रम ने एमआईसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने इस पूरे मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि एमआईसी से पारित प्रस्ताव बार-बार नियमों के कारण लौटाए जाएंगे, तो परिषद की निर्णय प्रक्रिया की गंभीरता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी अतिक्रमण और मेला अनुमति से जुड़े एक प्रस्ताव को न्यायालय द्वारा निरस्त किया जा चुका है। अब इंजीनियरों के प्रमोशन प्रस्ताव पर शासन की आपत्ति ने एक बार फिर एमआईसी के निर्णयों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

**पुनर्विचार के लिए भेजा-** एमआईसी से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया, लेकिन वहां से आपत्तियों के साथ वापस लौटा दिया गया। शासन ने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों पर विभागीय जांच लंबित है या जो नियमानुसार पात्रता की श्रेणी में नहीं आते, उनके नाम पदोन्नति सूची में कैसे शामिल कर लिए गए। इसी आधार पर प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने को कहा गया। शासन की आपत्तियों के बाद निगम आयुक्त स्तर पर नई सूची तैयार की गई है। संशोधित प्रस्ताव में पंकज दहायत, निर्माता हिंडोलिया, राजकुमार राठौर और राहुल सूर्यवंशी के नाम हटाए गए हैं। वहीं विजय लक्की, नूरजहां जावेद खान और मोहन टांक को सूची में शामिल किया गया है।

# रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना सीजन में अब तक 13.9 इंच बारिश दर्ज

### 24 घंटे में 0.7 इंच वर्षा दर्ज, अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश के आसार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • लगातार दूसरे दिन भी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। गुरुवार सुबह भी कई क्षेत्रों में बादल जमकर बरसे, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। बीते 24 घंटे में शहर में 0.7 इंच बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट बनी हुई है और लोगों को उमस से राहत मिली है।

विमानतल स्थित मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार सुबह से गुरुवार सुबह तक 0.7 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। शहर के मध्य और पूर्वी हिस्सों में भी आधा इंच से अधिक बारिश हुई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक



अच्छी बारिश की संभावना है। 1 जून से शुरू हुए मानसून सीजन में इंदौर में अब तक 13.9 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.6 इंच वर्षा हुई थी यानी इस साल अब तक 6.3 इंच अधिक बारिश हो चुकी है। जिले में औसतन 14.7 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जो पिछले साल के 7.8 इंच के मुकाबले काफी अधिक है।

**बारिश में अकेला निकला दूल्हा-** इंदौर में गुरुवार सुबह तेज बारिश के बीच एक अनोखा नजारा देखने को मिला। गंगवाल से राजमोहल्ला जा रही बरात में बारिश के कारण बराती साथ नहीं चल सके। ऐसे में दूल्हा अकेले ही डीजे के साथ आगे बढ़ता नजर आया। राहगीरों ने इस दृश्य को मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया।

# हातोद भाजपा नगर महामंत्री ने खोली नगर परिषद के भ्रष्टाचार की पोल

### नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा नेताओं ने दिया धरना

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

हातोद नगर परिषद में व्याप्त बेलगाम भ्रष्टाचार और बदहाल जनसमस्याओं को लेकर अब अपनों ने ही बगावत का बिगुल फूंक दिया है। नगर परिषद की तानाशाही और अनदेखी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री नरोत्तम चौधरी के नेतृत्व में भाजपाइयों और आक्रोशित नगरवासियों ने नंदलाल चौराहे पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। अपनी ही सरकार और परिषद के खिलाफ भाजपा नेता के सड़क पर उतरने से प्रशासनिक महकमे और सत्ता के गलियारों में हड़कंप मच गया है।

प्रदर्शनकारियों ने नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और अध्यक्ष मोतीलाल राजोरिया पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने तथा जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



नलों से आ रहा गंदा पानी

भाजपा नगर महामंत्री नरोत्तम चौधरी ने नगर परिषद के कारनामों की पोल खोलते हुए बताया की हातोद चौराहे से नंदलाल चौक तक 60 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क कुछ ही महीनों में उखड़ गई। घटिया सामग्री के इस्तेमाल से सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, वही नगर में पिछले दो महीनों से नलों में बदबूदार और दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। नगरवासी पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं और बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं जागे जिससे लगता है की नगर परिषद के जिम्मेदार किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। चौधरी ने बताया कि शासकीय भूमि पर बने करीब 5 सार्वजनिक शौचालयों को तोड़कर वह जमीन निजी हाथों में सौंप दी गई। इसमें लाखों रुपये का लेन-देन हुआ और राजनीतिक दबाव में मामले को दबा दिया गया।नगर जगह जगह गंदगी फैली पड़ी है नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं जिससे मच्छरों के प्रकोप और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर कागजों पर लाखों के बिल भुनाए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर गंदगी का अंबार है।

## अध्यक्ष की गैर-जिम्मेदाराना चुप्पी

जब इस पूरे घटनाक्रम और भ्रष्टाचार के आरोपों पर नगर परिषद अध्यक्ष मोतीलाल राजोरिया से बात की गई, तो उनका रटा-रटाया और गैर-जिम्मेदाराना जवाब सामने आया। उन्होंने कहा, मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। मैं उनसे बात करता हूं और जो भी समस्या है, उसका समाधान करने की कोशिश करेंगे।' नगर अध्यक्ष के इस बयान से साफ जाहिर होता है कि उन्हें नगर की समस्याओं और जनता के आक्रोश की कोई परवाह नहीं है।

> नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता पानी और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है और जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और समस्याओं का हल नहीं निकलता, यह लड़ाई जारी रहेगी।
>
> **- नरोत्तम चौधरी,** नगर महामंत्री, भाजपा

# मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों को जेल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने अपनी गलती भी मानी। साथ ही ये बात भी सामने आई है कि इन्होंने टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के प्रदर्शन में भी मंत्री के यहां प्रदर्शन में चलने की अपील की थी।

बुधवार दोपहर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रहलाद पाण्डेय और उनकी पत्नी संगीता प्रदर्शन करने पहुंचे



थे। हाथों में संविधान लेकर वे यहां पहुंचे। हालांकि उनके प्रदर्शन की जानकारी पुलिस को एक घंटे पहले मिली। जिसके बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आई और उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया। इधर, परदेशीपुरा पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि दोनों दंपती ही यहां प्रदर्शन करने आए। उन्होंने कुछ लोगों से मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील भी की थी।

सोशल मीडिया पर मैसेज भी चलाए थे, इसके अलावा पुलिस पूछताछ में ये बात भी सामने आई कि इन्होंने टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के धरना प्रदर्शन में भी उनके साथ मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। मगर उनका साथ देने कोई भी नहीं आया। इधर, मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन की जानकारी पुलिस को करीब एक घंटे पहले सोशल मीडिया से मिली। जिसके बाद पुलिस ने सारी तैयारी की। जब दोनों दंपति यहां पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोका और समझाया भी, लेकिन वे नहीं माने। प्रहलाद पाण्डेय के रोड पर बैठने के बाद पुलिस ने उन्हें उठाया और पुलिस की गाड़ी में बैठा दिया। उनकी पत्नी को भी पुलिस की गाड़ी में बैठाया और थाने ले जाकर पूछताछ की। टीआई आर.डी.कानवा ने बताया कि दोनों से पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने अन्य लोगों से भी यहां आने की अपील की थी, लेकिन कोई उनके साथ नहीं आया।

# लड़कियों ने होस्टल में प्रवेश को लेकर प्रबंधन की शिकायत

### डीएवीवी के कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने सीएम हेल्पलाइन पर की भेदभाव की शिकायत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवी अहिल्या विश्व विद्यालय (डीएवीवी) के कमला नेहरू बालिका छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने हॉस्टल प्रबंधन और वार्डन के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन पर अव्यवस्थाओं की शिकायत की है। छात्राओं का कहना है कि विश्वविद्यालय के छात्रावासों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग नियम लागू किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह भेदभावपूर्ण हैं। आरोप है कि लड़कों के हॉस्टल में रात 10 बजे तक प्रवेश की अनुमति है, वहीं बालिका छात्रावास का मुख्य गेट रात 8 बजे ही बंद कर दिया जाता है। इसके बाद किसी भी छात्रा को हॉस्टल में प्रवेश नहीं दिया जाता। छात्राओं ने बताया कि जब विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी समान हैं, तो केवल छात्राओं पर ही इतनी सख्ती क्यों लागू की जा रही है। उनका कहना है कि सुरक्षा के नाम पर ऐसे नियम थोपे जा रहे हैं, जो उनके अधिकारों और स्वतंत्रता को सीमित करते हैं।

**वार्डन को बदलने की मांग-** छात्राओं ने मांग की है कि छात्रावास की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए, आवश्यक सुधार किए जाएं और वर्तमान वार्डन को बदला जाए। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में लड़के और लड़कियों के लिए समान एवं न्यायसंगत नियम लागू किए जाएं ताकि किसी भी छात्रा के साथ भेदभाव न हो।

## हॉस्टल में साफ-सफाई भी नहीं

शिकायत में बताया कि हॉस्टल में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। भोजन की गुणवत्ता खराब रहती है और पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।

छात्राओं ने वार्डन के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि बिना किसी ठोस कारण के नए-नए नियम लागू किए जाते हैं, जिससे छात्राओं को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है। बात सुनने के बजाय उन्हें नियमों का हवाला देकर चुप करा दिया जाता है।

**छात्राओं को रात आठ बजे तक हॉस्टल में प्रवेश का नियम-** मामले में हॉस्टल के चीफ वार्डन डा. जीएल प्रजापति ने बताया कि छात्राओं को रात आठ बजे तक हॉस्टल में प्रवेश का नियम बना हुआ है। इसी का पालन किया जा रहा है। साफ-सफाई की समस्या है तो मैं दिखवाता हूं।

### चातुर्मास प्रारंभ होने के साथ 121 दिन तक नहीं होंगे विवाह, गृह प्रवेश के मुहूर्त

# देवशयनी एकादशी कल, 4 माह योगनिंद्रा में रहेंगे विष्णु

## भगवान शिव संभालेंगे सृष्टि का भार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवशयनी एकादशी के साथ ही शनिवार को चातुर्मास की शुरुआत हो रही है। इसके चलते अगले 121 दिनों तक शादियों और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। इस दौरान भगवान विष्णु सृष्टि का भार भगवान शिव को सौंपकर चार माह तक योगनिंद्रा में चले जाएंगे। सनातन में देवशयनी एकादशी से चातुर्मास की शुरुआत होती है। शनिवार को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास प्रारंभ होगा, जो



आगामी 20 नवंबर को देवप्रबोधिनी एकादशी तक चलेगा। मान्यता के अनुसार इस दौरान भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि के संचालन का दायित्व भगवान शिव संभालते हैं। चातुर्मास के दौरान पूजा-पाठ, जप, तप, व्रत और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व माना जाता है। वहीं विवाह, गृह प्रवेश, उपनयन जैसे मांगलिक कार्य इस अवधि में नहीं किए जाते।

**30 से प्रारंभ होगा श्रावण-** चातुर्मास के बीच 30 जुलाई से भगवान शिव का प्रिय श्रावण माह भी शुरू होगा, जो 28 अगस्त तक रहेगा। भगवान शिव की आराधना का सबसे उत्तम मास श्रावण में इस बार चार सोमवार 3 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त व 24 अगस्त आएंगे।

## देवशयनी एकादशी पर त्रिवेणी संयोग

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार देवशयनी एकादशी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और रवि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में भगवान विष्णु का विशेष पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और भजन-कीर्तन आयोजित किए जाएंगे।

## इसलिए खास चातुर्मास

धार्मिक मान्यता है कि भगवान विष्णु ने राजा बलि को दिए गए वचन के कारण चार महीने के लिए पाताल लोक में निवास किया था। इसी अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। इस दौरान साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर प्रवचन, साधना और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।